# MAHARAJGANJ POLICE

## सराहनीय कार्य का विवरण- दिनांक 14.04.2026



*1. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग-* जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर *991* वाहनों का चालान व 01 वाहनो को सीज किया गया।

*2. शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- *54* व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

*3. "मिशन शक्ति "-* मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति किया गया जागरुक।

*4. पैदल गश्त -* श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के आदेश के क्रम मे पैदल गश्त के तहत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बों में स्थित बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य वित्तीय प्रतिष्ठानों आदि के सुरक्षार्थ सघन चेकिंग अभियान चलाकर आस-पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई। नागरिकों एवं आम जनमानस से संवाद स्थापित कर प्रमुख चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया, जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। जनपदीय पुलिस द्वारा 34 पुलिस एक्ट के तहत 17 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

*5. जन संवाद-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों, कास्तकारों, किसानों के साथ थानों में शान्ति समिति की बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

*6. विवेचना निस्तारण-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल- *12* विवेचना का निस्तारण किया गया।

*7* *थानो द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण-*

थाना पनियरा द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त मो0 आलम पुत्र कलामुद्दीन निवासी ग्राम धुसवा नगर पंचायत पनियरा थाना पनियरा जनपद महराजगंज के पास से 0 अदद नजायज चाकू बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 113/026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। 2- अभियुक्त अनिरूद्ध सिंह पुत्र हरिराम सिंह निवासी ग्राम माधोनगर टोला रक्षा थाना पनियरा जनपद महराजगंज के कब्जे से 17 अदद टेट्रा बन्टी बबली देशी शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 112/026 धारा 60(1) आबकारी पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना कोठीभार द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त पप्पू कुमार पुत्र हरेन्द्र राय निवासी बखरा रतनपुरा थाना मोतीपुर जनपद मुजफ्फरपुर बिहारी के पास से एक काले बैग मे 35 शीशी अवैध शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 120/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। 2- बबलू पुत्र सुभाष निवासी हिमांचल छपरा थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 45 पाउच बन्टी बबली देशी शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 124/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना फरेन्दा द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त गंगा पुत्र प्रेम निवासी निरमान पश्चिमी टोला गुदरी पुर थाना फरेन्दा जनपद महराजगंज के कब्जे से 01 पिपिया मे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 104/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना ठूठीबारी द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त नीरज कुर्मी पुत्र प्रेस सागर कुर्मी निवासी पाल्ही थाना परासी जिला नवल परासी राष्ट्र नेपाल 2- अजीत कुमार कुर्मी पुत्र रविन्द्र कुमार कुर्मी निवासी उपरोक्त के कब्जे से 500 ग्राम नजायज गाजा एक अदद मोटर साइकिल यमहा अल्बा 106 रजि0 संख्या लू 6प413 बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 51/2026 धारा 8/20/23/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना नौतनवा द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्ता पावित्री पत्नी छोटेलाल निवासी सिरसिया खास थाना नौतनवा जनपद महराजगंज के कब्जे से कुल 25 पाउच अवैध देशी शराब बन्टी बबली बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 76/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना परसामलिक द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त राजकुमार चौहान पुत्र रामराज चौहान निवासी हनुमानगढिया टोला सोहनी तेली टोला थाना सोनौली जनपद महराजगंज के कब्जे से कुल 15 अदद अवैध रोमियो राजा देशी शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 29/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना सिन्दुरिया द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त हिमालय पुत्र उत्री चन्द्र निवासी गौनरिया थाना सिन्दुरिया जनपद महराजगंज के कब्जे से कुल एक सफेद थैले मे रखे 30 अदद टेट्रा पैक (प्रत्येक 200 एमएल) बन्टी बबली देशी शराब बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 86/2026 धारा 60(1) आबाकारी अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना सोनौली द्वारा की गयी कार्यवाही- अभियुक्त नसीम उर्फ बबलू पुत्र मुस्तफा निवासी जुगौली वार्ड न0-13 विस्मिल नगर थाना सोनौली जनपद महराजगंज के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 निल/2026 धारा 3/4 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

***8.** जनपद में *13/14-04-2026* को विभिन्न अपराधों में कुल- *61* अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।